परीक्षा संबंधी अति आवश्यक निर्देश

डी.एड.दूरस्थ शिक्षा हेतु द्वितीय अवसर आवश्यक दिशा निर्देश : –

1. एसाइन्मेंट एवं प्रोजेक्ट –दिनांक 06.01.2014 से प्रारंभ हो रहे डी.एड. दूरस्थ शिक्षा के द्वितीय अवसर की परीक्षा हेतु एसाइन्मेंट एवं प्रोजेक्ट को अपने अध्ययनरत संस्थाओं में जमा करेंगें। संबंधित संस्था एसाइन्मेट एवं प्रोजेक्ट को मूल्यांकन कर बोर्ड के निर्धारित प्रारूप अंकों की सूची संबंधित अग्रेषण संस्था में द्वितीय अवसर की सैधांतिक परीक्षा के दौरान जमा करायेंगे। संबंधित संस्था अंकों की सूची की फोटोकापी अपने पास अनिवार्यत सुरक्षित रखेंगे।
2. शालेय चिंतन एवं मनन कार्यक्रम– शालेय चिंतन एवं मनन कार्यक्रम के लिए निर्धारित 150 अंकों में सभी तीनों भागों (प्रधान पाठक की रिपोर्ट के आधार पर मूल्यांकन 50 अंक, मेंटर द्वारा 50 अंक, संस्था में गठित समिति द्वारा 50 अंक) में पृथक–पृथक न्यूनतम 25 अंक उत्तीर्ण होने हेतु अनिवार्य है। तद्नुसार पृथक–पृथक मूल्यांकन कर अकों का विवरण अग्रेषण केन्द्र में जमा करेंगे।

डी.एड.दूरस्थ शिक्षा हेतु प्रथमवर्ष (2013–14) द्वितीय वर्ष 2013–14 के डाटा का सत्यापनः–

आपके login में दिनांक 25.12.2013 से डी.एड. दूरस्थ शिक्षा के प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों की सूची फोटो सहित उपलब्ध होगा उसका प्रिंट निकालकर सभी छात्रों के हस्ताक्षर कराकर सत्यापित डाटा एस.सी.ई.आर.टी. में दिनांक 03.01.2014 शाम 5:30 तक व्यक्तिशः जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

केन्द्र के स्त्रोत व्यक्तियों की भी हस्ताक्षर सहित सत्यापन कराकर 03.01.2014 शाम 5:30 बजे तक जमा करेंगे। केन्द्र की अन्य कोई भी समस्या हो तो उसे भी लिखित रूप में साथ में जमा करेंगे।